हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–15 : जौनपुर, शुक्रवार 02 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## तबादलों से साफ संकेत : पुराने दिग्गजों का असर किया कम और नए चेहरों पर भरोसा

लखनऊ ब्यूरो : विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश सरकार ने बुधवार देर रात बहुप्रतीक्षित प्रशासनिक फेरबदल कर दिया। सरकार ने पुराने दिग्गजों की मठाधीशी खिसका दी है वहीं नए चेहरों को मौका देकर साफ संकेत दिया है कि सरकार में काम करने वालों को ही मौका मिलेगा। सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी की विदाई के साथ ही शासन में हुए बदलाव ने लखनऊ से लेकर दिल्ली तक हलचल मचा दी है। मंत्रियों और उप मुख्यमंत्री से अदावत रखने वाले अफसरों को साइड लाइन कर स्पष्ट कर दिया गया है कि सरकार की छवि और जनता से जुड़े मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम होगा। एमएसएमई, सूचना और खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के एसीएस नवनीत सहगल को खेलकूद विभाग में भेजना और राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश गुप्ता को मुख्य धारा में वापस लाकर ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी देना शासन, सत्ता और राजनीति के गलियारे के लिए चौंकाने वाला रहा। जानकारों का मानना है कि भले ही प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव स्तर के नौकशाहों की तबादला सूची रातोंरात जारी हुई हो लेकिन इसकी तैयारी करीब एक महीने पहले से की जा रही थी। अवस्थी को सेवा विस्तार नहीं मिलने की स्थिति में उनका गृह, गोपन विभाग किसी विश्वासपात्र और ऐसे अधिकारी को दिया जाना था जो पुलिस से समन्वय कर मुख्यमंत्री की अपेक्षाओं को पूरा कर सके। करीब तीन वर्ष से मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव के रूप में काम कर रहे संजय प्रसाद को इसके लिए सबसे योग्य अफसर माना गया। कृषि उत्पादन आयुक्त की ओर से ग्राम्य विकास विभाग के कामकाज में दिलचस्पी नहीं लेने की जानकारी सत्तारुढ़ दल के विधायक, सांसद और सरकार के मंत्री भी दे रहे थे। सूत्रों के मुताबिक उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी मनोज कुमार सिंह के कामकाज से खास संतुष्ट नहीं थे। लिहाजा सरकार ने एपीसी से ग्राम्य विकास विभाग लेकर कामकाज को लेकर सख्त छवि के अफसर डॉ. हिमांशु कुमार को ग्राम्य विकास विभाग में तैनात किया है। हाथरस कांड के बाद अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल की सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में वापसी हुई थी। उनके कामकाज से भी सरकार संतुष्ट नहीं थी लिहाजा उन्हें



हटाकर खेलकूद जैसे छोटे महकमे में भेजा गया है। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट से पहले सहगल को मुख्य धारा से हटाने के निर्णय के अलग–अलग मायने निकाले जा रहे है। मुख्य सचिव के प्रमुख दावेदार हैं महेश गुप्ता राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश गुप्ता की लंबे समय बाद सचिवालय में वापसी हुई है। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा के सेवाविस्तार की अवधि 31 दिसंबर 2022 को समाप्त होने के बाद 1988 बैच के आईएएस अफसर कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह सीएस पद के प्रमुख दावेदार हैं। लेकिन 1987 बैच के आईएएस महेश गुप्ता की ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण विभाग के जरिये सचिवालय में वापसी से साफ संकेत है कि गुप्ता मुख्य सचिव पद के अब प्रबल दावेदार हैं। पार्थसारथी पर फिर जताया विश्वास पार्थसारथी सेन शर्मा सपा सरकार में मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सचिव रहे हैं। 2017 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद उन्हें ग्राम्य विकास आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने एक वर्ष की अवधि में पीएम आवास योजना और मनरेगा में जो कार्य किया उसकी बदौलत प्रदेश को केंद्र सरकार ने पुरस्कृत किया था। केंद्र सरकार से प्रतिनियुक्ति पर लौटने के बाद मुख्यमंत्री ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जैसा महकमा देकर एक बार फिर उन पर विश्वास जताया है। पाठक का दबाव काम आया उप मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक और अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद के बीच टकराव लखनऊ से दिल्ली तक चर्चा में रहा। तबादलों को लेकर पाठक की ओर से लगाए गए आरोपों के बाद विभाग ने तबादलों में सुधार तो शुरू कर दिया। लेकिन पाठक ने लखनऊ से लेकर दिल्ली केंद्रीय नेतृत्व तक अमित मोहन प्रसाद को हटवाने के लिए दबाव बनाया। वहीं जानकारों का कहना है कि सरकार उच्च शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव मोनिका.एस.गर्ग और माध्यमिक शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला की कार्यशैली से संतुष्ट नहीं थी। दोनों विभागों के मंत्री भी समय–समय पर सरकार के समक्ष अपर मुख्य सचिव से नाराजगी जाहिर कर चुके थे। आखिर डॉ. हरिओम मुख्य धारा में आए सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. हरिओम की लंबे समय बाद मुख्य धारा में वापसी भी चौंकाने वाली रही है। योगी सरकार 1.0 में डॉ. हरिओम साइड लाइन रहे। बतौर जिलाधिकारी गोरखपुर उनके कामकाज से सरकार नाराज थी। लेकिन बीते दिनों उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी एक किताब भेंट की थी। तब से ही उनके वापस मुख्य धारा में लौटने की संभावना जताई जा रही थी।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी रोहनिया में भाजपा कार्यालय पहुंचे : कार्यकर्ताओं से की बातचीत

वाराणसी ब्यूरो : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर हैं। भूपेंद्र चौधरी ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। साथ ही कॉरिडोर में भी भ्रमण किया। प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभालने के बाद ये उनका पहला दौरा है। भूपेंद्र चौधरी दोपहर करीब डेढ़ बजे रोहनिया स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। काशी आगमन पर कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट से लेकर सर्किट हाउस तक जोरदार स्वागत किया। भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल नगाडेद्द और पुष्पवर्षा के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। बता दें कि, लोकसभा चुनाव 2024 में मिशन 80 को पूरा करने के लिए भाजपा ने प्रदेश सरकार के पंचायतीराज मंत्री और पश्चिमी यूपी के बड़े जाट नेता भूपेंद्र सिंह चौधरी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। चौधरी की नियुक्ति से ना केवल पार्टी ने जाट वोट बैंक को साधा है बल्कि लगातार दूसरी बार पिछड़े वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर पश्चिम से पूर्वांचल तक पिछड़े और



अति पिछड़े वोट बैंक को भी साधे रखने की कोशिश की है। चौधरी भाजपा के 14वें प्रदेश अध्यक्ष हैं, पार्टी ने पहली बार किसी जाट नेता को संगठन की कमान सौंपी है। मुरादाबाद के हैं भूपेंद्र चौधरी। 54 वर्षीय भूपेंद्र चौधरी का जन्म मुरादाबाद के महेंद्री सिकंदरपुर गांव में हुआ था। चौधरी की जाट समाज के साथ पश्चिमी यूपी में गुर्जर, ब्राह्मण, त्यागी समाज में मजबूत पकड़ है। लोकसभा चुनाव 2019 से पहले जाटों के आरक्षण आंदोलन और कृषि कानूनों के विरोध में किसान आंदोलन के समय चौधरी ने पश्चिमी यूपी में जाट समाज के साथ किसानों के बीच सरकार की बात पहुंचाकर संकट मोचक की भूमिका भी निभाई।

## ट्विन टावर के मलबे से निकाले दो ब्लैक बॉक्स : कंपन और धमाके की आवाज का होगा अध्ययन

दिल्ली ब्यूरो : ट्विन टावर को गिराने से पहले दस ब्लैक बॉक्स लगाए गए थे। ब्लैक बॉक्स को धमाके के दौरान कंपन, आवाज और अन्य बिंदुओं को मापने के लिए लगाया गया था। बृहस्पतिवार को मलबे से दो ब्लैक बॉक्स मिल गए, जिन्हें एडिफिस इंजीनियरिंग ने सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीबीआरआइ) को सौंप दिया है। इसमें भूकंप को मापने वाला यंत्र भी लगा है। ब्लैक बॉक्स पर काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआईआर) और सीबीआरआई के अलावा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ माइनिंग एंड फ्यूल रिसर्च धनबाद के वैज्ञानिक काम रहे हैं। वहीं, मिनिस्ट्री ऑफ एन्वायरमेंट एंड क्लाइमेट चेंज के संयुक्त निदेशक अजय राघव ने मौके का निरीक्षण किया। उनके साथ प्राधिकरण के अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण का मकसद ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण के बाद पर्यावरण में बदलाव का आकलन और मलबे के बेहतर तरीके से निस्तारण की पुष्टि करना रहा। इस दौरान बताया गया कि 30 हजार मीट्रिक टन मलबे को सीएंडडी प्लांट में भेजा जाएगा। इससे निर्माण सामग्री बनेगी। इसका इस्तेमाल फुटपाथ पर टाइल के अलावा निर्माण के लिए जरूरी उत्पाद बनाने में होगा। साइट पर मलबे को तोड़ने के दौरान जेट पंप चलाने, पानी का छिड़काव करने और धूल उड़ने वाले



स्थानों को ढकने के निर्देश दिए गए हैं। पिलर में क्यों आई दरार, हो रही जांच एमराल्ड कोर्ट और एटीएस विलेज के कुछ पिलरों में दरार आने की बात सामने आई है। अब सुपरटेक ओर से नियुक्त एजेंसी इसका पता लगा रही है कि यह दरारें कैसे आईं। अध्ययन में यह पता लगेगा कि यह दरारें धमाके से पहले की हैं या बाद में आई हैं। एजेंसी का कहना है कि अब तक 100 से ज्यादा पिलर की जांच की गई है। इसे रिबाउंड हैमर और कोर कटिंग टेस्ट के माध्यम से जांचा जाएगा। इसके सैंपल लैब में भेजे जाएंगे। एक सप्ताह में रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि पिलर कितना मजबूत है। अध्ययन में यह लगाया जाएगा पता ब्लैक बॉक्स से पता चलेगा कि ट्विन टावर किस तरह से गिरे। गति कितनी थी। किस और टावर झुके। कंपन कितना था। किस तरह से धमाके को अंजाम दिया गया।

## उ0प्र0 खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति जौनपुर की बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति, जौनपुर की बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी की अनुमति के उपरान्त समिति के सचिव डॉ0 अतुल सिन्हा ने कार्यवाही प्रारम्भ करायी। बैठक में अवगत कराया गया कि जिर्णोद्धार से सम्बन्धित कार्यो को खेल विभाग स्वयं करायेगा। मा0 खेल मंत्री के निर्देश पर प्रस्ताव शासन से स्वीकृत हो गया है। इस क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया गया कि जो कार्य अधूरे हैं तो उन्हें इस बैठक की कार्यवृत्ति में सम्मिलित कर सम्पन्न कराया जाय। तत्पश्चात तहसील स्तर पर समिति के गठन को लेकर चर्चा प्रारम्भ हुई, जिलाधिकारी ने युवा कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि समस्त उप जिलाधिकारी से सम्पर्क कर अविलम्ब तहसील स्तरीय समिति का गठन सम्पन्न करा लें। युवा कल्याण अधिकारी ने आश्वस्त किया कि तहसील स्तर पर समिति का गठन करा लिया जायेगा। समिति ने खिलाड़ियों को उपलब्धि अर्जित करने पर प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया जिसमें राज्य स्तर की 04 वर्ग की प्रतियोगितायें– मिनी, सब–जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग टीम व एकल प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को तथा इसी तरह राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में भी उक्त वर्गो में नकद राशि देकर प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया है। इसे आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 15 अगस्त, 2022 से लागू माना जायेगा। पुरस्कार राशि उन्हीं प्रतिभागियों को दिया जायेगा जो मान्यता खेल संघों द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे, पुरस्कार के लिए वही खिलाड़ी पात्र माना जायेगा जो राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग जनपद जौनपुर की तरफ से करेगा। व्यावसायिक सलाह के लिए खेलकूद के क्षेत्र में प्रोफेसर शेखर सिंह, शारीरिक शिक्षा विभाग, टी.डी. कालेज जौनपुर एवं अमित श्रीवास्तव को आयकर एवं ऑडिट सम्बन्धी सलाह हेतु विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नामित किया गया। समिति के अतुल सिन्हा ने सदन को वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 के अब तक आय–व्यय से अवगत कराया जिस पर सभी ने सहमति व्यक्त किया। जिलाधिकारी महोदय ने निर्देशित किया कि समिति का ऑडिट सी0ए0 के माध्यम से कराकर उसका नवीनीकरण करा लिया जाय। समिति के सदस्य रूद्र प्रताप सिंह ने सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि जनपद स्तरीय विद्यालयी प्रतियोगिता में टीमों की प्रतिभाग 1 या 2 की संख्या में सीमित हो चुकी है जो कि खेल के विकास के लिए शुभ संकेत नहीं है इस पर मंथन होना चाहिए कि टीमों की प्रतिभागिता बढ़े। इसके लिए जनपद के सभी विद्यालयों में कार्यरत शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को एकत्रित कर उपलब्ध सुविधा एवं क्रीड़ा क्षेत्र के अनुसार प्रत्येक विद्याालय 03 खेलों की टीमों को बनाया जाना



सुनिश्चित करें तो निश्चित ही जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में टीमों की प्रतिभागिता बढ़ जायेगी। इस राय पर जिलाधिकारी ने सहमति व्यक्त करते हुए क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ जनपद के खेल अध्यापकों की एक बैठक कर अध्यापकों को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागिता बढ़ाने हेतु उनके विचार प्राप्त कर उपलब्ध सुविधाओं के अनुसार उन्हें निर्देशित किया जाय। जिला ओलम्पिक संघ के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रवि चन्द्र यादव ने यह सुझाव दिया कि विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी के खिलाड़ी अभ्यास करते हैं यदि वहां क्षेत्र पंचायतों के स्तर से शेड की व्यवस्था हो जाय तो निश्चित ही कबड्डी खिलाड़ियों को कबड्डी मैट पर अभ्यास करने का अवसर मिलेगा जिससे उनके प्रदर्शन का स्तर और अच्छा होगा। जिलाधिकारी ने इस पर कहा कि ऐसे कबड्डी के मैदानों का चिन्हाकन करा लें जहां पूर्व से कबड्डी हो रही हो तो उन्हें क्षेत्र पंचायतों या अन्य स्रोतो से छायादार बनवाने की कार्यवाही की जायेगी। प्रो0 शेखर सिंह ने खेलों के बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से कहा कि जिन क्षेध्त्रों में पहले से खेल विशेष का माहौल है परन्तु उचित दिशा–निर्देश न मिलने के कारण सफलता कम मिल रही है ऐसे स्थानों पर स्थानीय पूर्व खिलाड़ियों को प्रशिक्षक के रूप में चिन्हित कर कुछ मानदेय व खेल सामग्रियों की सुविधा उपलब्ध कराने से खेल का स्तर बढ़ेगा। इस प्रस्ताव की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यह बहुत ही अच्छा सुझाव है इसे प्रयोग की दृष्टि से कुछ केन्द्रों पर लागू किया जाय यदि अच्छे परिणाम आते है तो इसे आगे और अच्छी तरह से लागू किया जायेगा। चर्चा के दौरान युवा कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित दो स्टेडियमों के जीर्ण–शीर्ण दशा को सुधारने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।जिलाधिकारी ने ग्रामीण स्तर पर ग्राम विकास विभाग द्वारा तैयार किये गये स्टेडियमों की सूची बनाने का निर्देश दिया साथ ही यह भी कहा कि क्रीड़ा स्थलों की स्थिति देखकर वहां खेलों का प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया जाय। प्रशिक्षकों की कमी को देखते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रोत्साहन समिति से कुछ योग्य प्रशिक्षकों की तैनाती कर ली जाय।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## शरारती तत्व कर रहे हैं कुलपति की फर्जी आईडी से व्हाट्सएप चौटिंग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर डॉ. निर्मला एस. मौर्य की फर्जी फोटो आईडी लगाकर विश्वविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारियों को चौटिंग के माध्यम से कतिपय शरारती तत्वों द्वारा व्हाट्सएप मैसेज दिया जा रहा है। चौटिंग करने वाला अज्ञात व्यक्ति जो 8178478501 और 8730953403 नंबर के सिम से चौटिंग कर रहा है। उस व्यक्ति की मनसा स्पष्ट रूप से एक महिला कुलपति की छवि को खराब करना है। उसका यह कृत्य साइबर अपराध की श्रेणी में आता है। इस संबंध में जौनपुर के पुलिस अधीक्षक और वाराणसी के डीआईजी को पत्र लिखकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने और ऐसे व्यक्ति का पता लगाकर उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है, ताकि भविष्य में कोई किसी भी अधिकारी की फर्जी आईडी बनाकर कोई गलत काम ना कर सके। उस व्यक्ति के कृत्य से स्पष्टीकरण के लिए मेरे पास लोगों के फोन आ रहे हैं। इसकी सफाई देने में मेरा फालतू का वक्त बर्बाद हो रहा है।

### विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों तथा संबंधित अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में मतदेय स्थल सम्भाजन के संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों तथा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि संभाजनोपरांत मतदेय स्थलों की संख्या कुल 3495 है।





364 बदलापुर विधानसभा के अंतर्गत पूर्व में मतदान स्थलों की संख्या 402 थी संभाजनोपरांत मतदेय स्थलों की संख्या 345 है। इसी प्रकार 365 शाहगंज विधानसभा में पूर्व मतदेय स्थल 444 थे संभाजनोपरांत मतदेय स्थलों की संख्या 385 है। 366 जौनपुर विधानसभा में पूर्व मध्य स्थलों की संख्या 483 थी संभाजनोपरांत मतदेय स्थलों की संख्या 421 है। 367 मल्हनी में मतदेय स्थलों की संख्या 428 थी संभाजनोपरांत मतदेय स्थलों की संख्या 387 है। 368 मुंगराबादशाहपुर में पूर्व मतदेय स्थलों की संख्या 444 थी, संभाजनोपरांत मतदेय स्थलों की संख्या 398 हैं। 369 मछलीशहर (अ.जा.) में पूर्व मतदेय स्थलों की संख्या 451 थी, संभाजनोपरांत मतदेय स्थलों की संख्या 402 है। 370– मड़ियाहूं में पूर्व में मतदेय स्थलों की संख्या 381 थी संभाजनोपरांत मतदेय स्थलों की संख्या 343 हैं। 371 जफराबाद में पूर्व में मतदेय स्थलों संख्या 427 थी संभाजनोपरांत मतदेय स्थलों की संख्या 389 है। 372 केराकत (अ.जा.) में पूर्व मध्य स्थलों की संख्या 488 थी संभाजनोपरांत मतदेय स्थलों की संख्या 425 है। अपर जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को कहा कि इस सम्भाजन में अगर किसी प्रकार से आप लोगों के सुझाव हो तो उपलब्ध कराएं ताकि निस्तारित करके समय से चुनाव आयोग को प्रेषित किया जा सके। इस अवसर पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, महमूद अली सहित अन्य उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

समय ही जीवन है, समय को बर्बाद करना अपनें जीवन को बर्बाद करनें के समान होता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## कूटनीति का मैदान बना कोलंबो

गरीब देशों को कर्ज के जाल में फंसाने के लिए चीन की विशाल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की अमेरिका, पश्चिमी देशों और भारत द्वारा तीखी आलोचना की गई है। हंबनटोटा परियोजना इसका ज्वलंत उदाहरण है, जब कर्ज का भुगतान करने में असमर्थ होने पर श्रीलंका द्वारा इसे चीन को 99 साल के लिए पट्टे पर देना पड़ा।

एक प्रसिद्ध कहावत है कि जब दो सांडों की लड़ाई होती है, तो छोटे सांड को कुचल दिया जाता है। चीन और भारत जैसे दो क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों की लड़ाई में श्रीलंका को ऐसी ही पीड़ा से गुजरना पड़ रहा है। पहले चीनी पोत को अपनी यात्रा स्थगित करने के लिए कहने और फिर उसे बंदरगाह पर रुकने की अनुमति देने जैसे श्रीलंका के विरोधाभासी फैसलों को लेकर विवाद जारी है। यह सब तब हुआ है, जब श्रीलंका गंभीर आर्थिक संकट और सत्ता परिवर्तन से जूझ रहा है।

भारतीय उच्चायोग और चीनी दूतावास की तनातनी के बीच कोलंबो कुटनीतिक युद्ध का मैदान बन गया है। दोनों देशों की अवांछित सहानुभूति श्रीलंका के साथ है। दोनों ने श्रीलंका के साथअपने करीबी संबंधों का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह वे उसकी मदद कर रहे हैं। यह विवाद श्रीलंका के संकट या उसकी मदद को लेकर नहीं हुआ, बल्कि ईंधन भरने के लिए पांच दिनों तक श्रीलंकाई बंदरगाह पर चीनी पोत के रुकने को लेकर हो रहा है।

भारत ने श्रीलंकाई बंदरगाह पर चीनी पोत की मौजूदगी पर आपत्ति जताई, क्योंकि उसे उसके इरादों पर संदेह है। चीन ने जोर देकर कहा कि युआन वांग–5 एक शोध और सर्वेक्षण जहाज है, पर भारत का कहना है कि यह मिसाइलों का पता लगाने की क्षमता वाला एक 'जासूसी जहाज' है। यह जहाज अब द्वीपीय राष्ट्र से दूर चला गया है, लेकिन इसने हिंद महासागर में विवादों का एक ऐसा भंवर छोड़ दिया है कि मालदीव और पूर्वी अफ्रीकी तटों पर, सेशेल्स और मॉरीशस जैसे दूर और पास के अन्य छोटे देश इसकी अनदेखी नहीं कर सकते।

भारत ने सबसे पहले हंबनटोटा में चीनी जहाज के रुकने पर आपत्ति जताई थी। स्पष्ट रूप से मना करने में असमर्थ कोलंबो ने कूटनीतिक ढंग से बीजिंग से यात्रा स्थगित करने का आग्रह किया, लेकिन जब चीन ने दबाव बनाया, तो उसने अचानक यू–टर्न लेते हुए उसे यात्रा की अनुमति दे दी। भारत गुस्से में था। चीन ने कहा कि अनुसंधान जहाज की यात्रा को लेकर भारत बहुत ज्यादा विवाद खड़ा कर रहा है और उसने श्रीलंका पर अनावश्यक 'दबाव' बनाया, जबकि श्रीलंका सहानुभूति और समर्थन का हकदार था।

भारत ने चीन के इस आरोप को खारिज कर दिया कि नई दिल्ली ने कोलंबो पर दबाव बनाया और जोर देकर कहा कि श्रीलंका को 'समर्थन की जरूरत है, न कि अवांछित दबाव की।' श्रीलंका स्थित भारतीय उच्चायोग ने कहा कि हमने चीनी राजदूत की टिप्पणी का संज्ञान लिया है। बुनियादी शिष्टाचार का उल्लंघन उनका व्यक्तिगत लक्षण है या यह व्यापक राष्ट्रीय रवैये को दर्शाता है। चीनी जहाज को अनुमति देने के कोलंबो के फैसले पर नई दिल्ली की निराशा के संकेतों के बीच, भारत में श्रीलंका के दूत मिलिंडा मोरागोडा ने भविष्य में इस तरह की समुद्री सुरक्षा चिंताओं से निपटने के लिए एक नया 'ढांचा' बनाने का आग्रह किया है।

सवाल यह है कि इसे कौन तैयार करेगा और कौन इसके मानदंड तय करेगा। भारत को आशंका है कि चीनी 'जासूसी जहाज' इसके विशाल समुद्र तट में भारत के समुद्री प्रतिष्ठानों का पता लगाने में उपयोग करेगा। यह वाजिब चिंता है, जो पिछले दो दशकों में बढ़ी है, क्योंकि चीनी पनडुब्बियां और जहाज हिंद महासागर के द्वीपीय देशों के आसपास लगातार टोह लेते रहते हैं। हंबनटोटा बंदरगाह निवेश उन कई परियोजनाओं में से एक है, जिसने श्रीलंका के कर्ज का बोझ बढ़ा दिया है।

अपने गंभीर आर्थिक संकट से बाहर निकलने के लिए श्रीलंका ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ बेलआउट पैकेज पर प्रारंभिक समझौता किया है। गरीब देशों को कर्ज के जाल में फंसाने के लिए चीन की विशाल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की अमेरिका, पश्चिमी देशों और भारत द्वारा तीखी आलोचना की गई है। हंबनटोटा परियोजना इसका ज्वलंत उदाहरण है, जब कर्ज का भुगतान करने में असमर्थ होने पर श्रीलंका द्वारा इसे चीन को 99 साल के लिए पट्टे पर देना पड़ा।

अपने क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी से जूझते भारत को यह स्वीकार करने की जरूरत है कि विदेशी परियोजनाओं के मामले में कई बार उससे चूक हुई है। म्यांमार में ऐसा ही हुआ। ईरान के चाबहार बंदरगाह का निर्माण बेशक भारत ने ही किया, लेकिन बाद में भारत ने इसमें अपनी दिलचस्पी खो दी, तो अब चीन उसे विकसित कर रहा है। भारत की दिलचस्पी खोने के पीछे कुछ हद तक इसकी अक्षमता थी, लेकिन मुख्य कारण अमेरिका की नाराजगी का भय था, जो ईरान के साथ किसी भी सौदे को शत्रुता की नजर से देखता है।

इस प्रकार भारत अमेरिका और क्वाड के करीब रहने के भू–राजनीतिक उद्देश्य को पूरा करने के लिए आर्थिक कीमत चुका रहा है। ये सभी महत्वपूर्ण परियोजनाएं चीन के पास गई हैं, जिसके पास उन्हें पूरा करने के लिए काफी धन और क्षमता है। श्रीलंका के साथ भारत के नर्म–गर्म रिश्ते नई बात नहीं हैं। हर बार जब श्रीलंका भारत को अपने हितों के अनुकूल नहीं पाता, तो वह चीन का रुख करता है। प्राचीन संबंधों और पौराणिक कथाओं को भूलकर श्रीलंका भारत को अपने परस्पर विरोधी राष्ट्रीय हितों की नजर से देखता है।

भारत ने सिंहली चरमपंथी गुटों से लड़ने में उसकी मदद की, जो धन्यवाद रहित काम था। फिर भारत ने जातीय संघर्ष के दौरान लिट्टे और अन्य तमिल उग्रवादी समूहों की मदद की। बहुसंख्यक सिंहली भारत के शत्रु बन गए, जबकि भारत ने उन तमिल समूहों से लड़ते हुए खून बहाया। यह एक और धन्यवाद रहित काम था। हैरानी की बात नहीं कि हाल के वर्षों में श्रीलंका के कई राष्ट्रपति, विशेष रूप से राजपक्षे (महिंदा और गोतबाया) भारत विरोधी और चीन समर्थक रहे हैं। कुल मिलाकर श्रीलंका भारत और चीन के बीच संतुलन बनाकर चल रहा है।

इस मामले में गंभीरता से ध्यान देने लायक तथ्य यह है कि नई सदी में चीन ने सिर्फ क्षेत्रीय स्तर पर नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी खुद को भारी शक्तिशाली बनाया है। अमेरिका और सहयोगियों के साथ गठबंधन कर भारत खुद को भू–रणनीतिक रूप से मजबूत बना सकता है, लेकिन जब भू–राजनीति और भू–अर्थशास्त्र की बात आती है–तो भारत को इस क्षेत्र के देशों के साथ, वे चाहे बड़े हों या छोटे, रिश्ता रखना होगा। अगर यह एशियाई सदी होने जा रही है, तो भारत को चाहे–अनचाहे चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ेगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## बाबा बैद्यनाथ धाम पावला बागपत में देशभर से पहुँचे हजारो श्रद्धालुगण

बागपत पत्रकार विवेक जैन। बागपत के पावला बेगमाबाद गांव में महर्षि वाल्मीकि और भगवान परशुराम के समकालीन माने जाने वाले बाबा बैद्यनाथ धाम में छठ मेले महोत्सव को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देशभर के विभिन्न राज्यों से आये हजारो श्रद्धालुगणों ने बाबा की विधि–विधाान के साथ पूजा–अर्चना की। मेले का विधिवत शुभारम्भ श्री सिद्ध बाबा श्याम गिरी सवाई मठ शास्त्रीपार्क से आये श्री पंचदशमनाम जूना अखाड़ा के श्री महंत रमण गिरी जी महाराज, बैद्यनाथ धाम पावला के मुख्य पुजारी गजानंद गिरी जी महाराज, बागपत के पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन और देश के विभिन्न भागों से आये अनेकों सिद्ध साधु–संतो के कर–कमलों द्वारा किया गया। बाबा बैद्यनाथ के 1113 वें छठ मेले में देश के अनेकों सिद्ध साधु–संतो और क्षेत्र की प्रसिद्ध धाार्मिक, राजनैतिक, शैक्षणिक, प्रशासनिक व सामाजिक हस्तियों ने शिरकत की। बाबा बैद्यनाथ धाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा सैकड़ों पीतल के घंटे बाबा के चरणों में भेंट किये गये। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजय डीलर ने बताया कि बाबा के इस धाम में सच्चे मन से मांगने वाले कभी खाली हाथ नही जाते, जिन श्रद्धालुओं की मन्नत पूर्ण होती है वह बाबा के दरबार में अपनी सामर्थ्य के अनुसार पीतल का घंटा भेट करते है। हर वर्ष बाबा के दरबार में सैंकड़ो–हजारों की संख्या में पीतल के घंटे भक्तों द्वारा चढ़ाये जाते है। राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता और मंदिर के कोषाध्यक्ष यशराम धामा ने बताया कि गांव के हर धर्म के लोगों के यहॉ पर आज के दिन बाबा का खीर और पूड़े का प्रसाद बनता है। हर धर्म के लोग अपने परिवार और रिश्तेदारों सहित बाबा के दरबार में अपनी हाजरी लगाने आते है। बाबा के छठ मेले में भंड़ारे के साथ–साथ रागनी, दंगल, जागरण जैसे अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मेले में लगी विभिन्न समानों की सैंकड़ो दुकानों से लोगों ने खरीदारी की। बच्चों ने विभिन्न



प्रकार के झूलों का आनन्द लिया। बाबा बैद्यनाथ धाम के छठ मेले को सफल बनाने में मंदिर समिति के अध्यक्ष श्योराज सूबेदार, कोषाध्यक्ष यशराम धामा, सचिव विक्रम धामा, जेबीबी सेवादल के समस्त सदस्यों सहित समस्त ग्रामवासियों का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी संजय डीलर निबाली, मास्टर दिनेश वर्मा बागपत, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित पत्रकार विपुल जैन, अनिल जैन पावला, नवीन जैन, सुनील वशिष्ट पावला, मनोज प्रधान, नीरज कौशिक, सतीश प्रधान, मुकेश धामा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले को शहीदों की तस्वीर वाली घड़ी भेंट की गयी : खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय सैनिक संस्था एनसीआर के संयोजक राजीव जोली खोसला ने केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले को संस्था द्वारा 14 क्रांतिकारी वीरों की तस्वीर वाली घड़ी आज भेंट की गई। मंत्री घड़ी को देखकर काफी अचंभित हुए इस घड़ी में शहीद भगत सिंह , बीके दत्त, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंदर शेखर आजाद,राजगुरु ,सुखदेव ,मंगल पांडे, बाल गंगाधर तिलक, खुदीराम बोस ,झांसी की रानी, अशफाक उल्ला खा, राम प्रसाद बिस्मिल ,करतार सिंह सराभा ,शहीद उधम सिंह गरम दल क्रांतिकारीयों केचित्र लगे हुए हैं यह घड़ी 8 अप्रैल 2022 संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में किए गए कार्यक्रम 8 अप्रैल 1929 को भगत सिंह और बीके दत्त ने नेशनल असेंबली पर बम फेंका था जिन्हें गिरफ्तार कर संसद मार्ग पुलिस स्टेशन पर लाया गया था उसी का नाट्य रूपांतर संस्था द्वारा किया गया था संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी के सौजन्य से राजीव जोली खोसला द्वारा



बनवाई गई राष्ट्र भक्तों तक घड़ी पहुंचाने क्या प्रयास किया जा रहा है ताकि हर राष्ट्रभक्त के टेबल पर घड़ी रहने से गरम दल क्रांतिकारी वीरों की याद ताजा रहे। बैठक का आयोजन आरपीआई के सिख प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सरदार सुखविंदर सिंह सिद्धू द्वारा किया गया था। शीघ्र ही मंत्री के निवास पर एक कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें राष्ट्र भक्तों को ऐतिहासिक घड़ी दी जाएगी।

## निर्माणाधीन राजकीय इंटर कॉलेज को शीघ्र बनवाने की समाजसेवी बादल चोपड़ा ने की मांग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखीमपुर जनपद के नगर पंचायत मैलानी में वर्षों से राजकीय इंटर कॉलेज बन रहा है, जो अभी भी बनने की प्रक्रिया में है। अनेक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से समाजसेवी बादल चोपड़ा ने गुहार लगाई है कि मैलानी क्षेत्र में गिरते हुए शिक्षा के स्तर पर भी ध्यान दें। जो शिक्षा के महत्व को समझता है उसके लिए यह एक दुःखद घटना है। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश कोचिंग संघ के अध्यक्ष बादल चोपड़ा ने संकल्प लिया है कि अब मैलानी में सिर्फ और सिर्फ शिक्षा की राजनीति होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से शीघ्र राजकीय इंटर कॉलेज बनवाने की मांग की है। विगत 50 वर्षों से इस इलाके में एक ही इंटर कॉलेज है, जिसमें साइंस की भी सुविधा नहीं है। इसीलिए यह क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। जो नया कॉलेज बन रहा है वह वर्षों से निर्माणाधीन है। क्षेत्रीय अभिभावक इस कॉलेज के निर्माण का इंतजार कर रहे हैं। मजबूर होकर वह अपने



बच्चों को दूरदराज के निजी कॉलेजों में भेजते हैं। छात्र–छात्राएं तमाम जोखिम उठाकर कॉलेज पढ़ने जाते हैं।

## भारतीय सभ्यता पार्टी ने किया विस्तार : पहली सूची की जारी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय सभ्यता पार्टी ने संगठन विस्तार की अपनी पहली सूची जारी की जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी में हरि सिंह लोधी संरक्षक, अजय कुमार लोधी राष्ट्रीय अध्यक्ष, वीरेंद्र कुमार धानुक राष्ट्रीय संयोजक, धर्मेंद्र कुमार राय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राज कुमार अग्रहरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अखिलेश सिन्हा राष्ट्रीय महासचिव, श्रीमती संगीता राजपूत राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, जगत नारायण लोधी राष्ट्रीय संगठन मंत्री, सुनील कुमार लोधी राष्ट्रीय प्रवक्ता, राधेश्याम वर्मा राष्ट्रीय सचिव, अभिमन्यु कुमार रावत राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, अजय कौरा कार्यकारिणी सदस्य, सुखराम उर्फ पूतान सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, संदीप मेन केंद्रीय कार्यालय प्रभारी

प्रदेश कार्यकारिणी उत्तर प्रदेश

मृत्युंजय मौर्य ''मंजय'' प्रदेश अध्यक्ष, राकेश दयाल प्रदेश संयोजक, दिनेश कुमार लोधी प्रदेश मीडिया प्रभारी, श्रीमती माधुरी सिंह प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा, श्रीमती बानो जी प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक महिला मोर्चा, सज्जाद हुसैन प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, जितेंद्र राजपूत प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी राजस्थान लाल सिंह लोधी प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान नगर कार्यकारिणी हरीश चंद्र गौतम नगर अध्यक्ष लखनऊ नगर, अर्जुन यादव नगर महासचिव लखनऊ नगर, सुधीर कुमार शुक्ला नगर सचिव लखनऊ नगर, धर्मेंद्र कुमार रावत नगर महामंत्री लखनऊ नगर, सिद्धार्थ कुमार रावत नगर अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा

जिला कार्यकारिणी

राजेश कुमार लोधी जिला अध्यक्ष लखनऊ, अमित कुमार जिला




अध्यक्ष कानपुर देहात, संदीप लोधी जिला अध्यक्ष लखीमपुर खीरी, बृजपाल सिंह जिलाध्यक्ष कासगंज, हरभजन सिंह जिला अध्यक्ष मैनपुरी, डॉ0 अंशुल लोधी जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद, गिरिराज किशोर जिला अध्यक्ष बुलंदशहर, वीरी सिंह जिला अध्यक्ष आगरा, राजकुमार राजपूत जिला अध्यक्ष बदायूं, कन्हैया लाल लोधी जिला अध्यक्ष गोंडा, राजीव कुमार यादव जिला अध्यक्ष मऊ, राहुल सिंह जिला अध्यक्ष हरदोई, उपेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष एटा, रघुवीर लोधाी जिलाध्यक्ष उन्नाव, लखन प्रसाद जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ नगर, जितेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष रायबरेली, सुनील पाठक जिला अध्यक्ष बहराइच, मदन लाल चौधरी जिला अध्यक्ष आजमगढ़, जन्मजय सिंह जिला अध्यक्ष बलिया, सुनील मौर्य जिला अध्यक्ष देवरिया क्षेत्रीय कार्यकारिणी गिरीश कुमार राय विधानसभा अध्यक्ष बरेली, दीपक राजपूत संगठन मंत्री सीतापुर, आनंद लोधी जिला सचिव फतेहपुर, कासिम विधाानसभा सचिव शाहजहांपुर, अश्वनी यादव अध्यक्ष छात्र सभा एटा, विपिन लोधी उपाध्यक्ष छात्र सभा एटा, दिनेश कुमार महासचिव छात्र सभा एटा, धर्मेंद्र कुमार अध्यक्ष छात्र सभा शाहजहांपुर, अभिषेक राजपूत विधानसभा अध्यक्ष हरदोई, जितेंद्र कुमार लोधी जिला सचिव लखनऊ, अनुज कुमार जिला सचिव लखनऊ मनोनीत किए गए।

## लियाफी के आह्वान पर एल आई सी अभिकर्ताओं का देशव्यापी प्रदर्शन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के आवाह्न पर आज दूसरे दिन भी एल आई सी के शाखा कार्यालयों पर अभिकर्ताओं ने देशव्यापी प्रदर्शन किया। वरिष्ठ अभिकर्ता एवं बरेली मंडल के उपाध्यक्ष सैय्यद अंजुम आफाक ने कहा कि ग्रेच्युटी को 20 लाख तक बढ़ायें। अंशदायी भविष्य निधि की शुरूआत की जाए। टर्म इंश्योरेंस बढाए जाए। समूह बीमा को बढ़ाया जाए। क्लब के सदस्य जिन्होंने सीएलआईए के रूप में 5 वर्ष पूरे कर लिए हैं उन्हें सम्बधिंत क्लबों के पात्रता मानदंड से छूट दी जाए। लियाफी के महामंत्री रमाकांत मौर्य ने जानकारी दी कि नवम्बर तक आंदोलन चलेगा। लियाफी के तमाम अभिकर्ताओं ने काली पट्टी बांध कर जोरदार प्रदर्शन किया।फलस्वरूप एल आई सी कार्यालय का समस्त कार्य ठप रहा।प्रदर्शन में डी एम क्लब मेंबर




अम्बरीश कुमार सक्सेना, अरुण कुमार,उपाध्यक्ष रामौतार,राकेश मिश्र, कोषाध्यक्ष अजय दीक्षित,कुलदीप त्रिपाठी,विमलेश द्विवेदी,श्याम प्रकाश, प्रचार मंत्री राज कुमार सहित अनेक अभिकर्ता मौजूद रहे।

## मारपीट में युवक को आईं चोटें : पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) : थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते गुरुवार को खेत में यूकेलिप्टिस के पेड़ कटवाने गये युवक को लोगों ने लाठी डंडे से पीटा जिससे पीड़ित को काफी चोटें आईं। पीड़ित महेश सिंह पुत्र रामबक्श ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह जनपद शाहजहांपुर के थाना क्षेत्र अल्लाहगंज के ग्राम अशरफपुर का रहने वाला है। बीते गुरुवार को दिन में वह पाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मदारपुर में अपने यूकेलिप्टस पेड़ कटवा रहा था। तभी विपक्षीगण बब्लू पुत्र रामबक्श व आशा पत्नी बब्लू व सनी पुत्र बब्लू थाना क्षेत्र अल्लाहगंज के ग्राम अशरफपुर सर्व निवासी गण आये और यूकेलिप्टस के पेड़ों को काटने से मना करते हुए पीड़ित महेश सिंह को गाली गलौज कर मारना पीटना शुरू कर दिया। महेश सिंह ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि विपक्षीगण अपने हिस्से के आधे पेड़ पूर्व में ही कटवा चुके थे। जब पीड़ित पक्ष ने अपने हिस्से के पेड़ कटवाने शुरू किये तभी उक्त विपक्षी लोगों ने मौके पर आकर गाली गलौज की जब पीड़ित महेश सिंह ने गाली गलौज का विरोध किया तो विपक्षी गणों ने लाठी डंडे से मारना पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में पीड़ित महेश सिंह के बाएं हाथ एवं शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोटें आईं।मौके पर शोरगुल सुनकर मुकेश एवं श्रवण आ गये और उन्होंने पीड़ित को बचाया। थाने में दिये गये प्रार्थना पत्र में पीड़ित महेश सिंह ने विपक्षी गणों के



खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।उक्त प्रकरण पर पाली थाना प्रभारी सुनील दत्त कौल ने बताया कि मामले की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## रात में सोए हुए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत : हत्या की आशंका

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के सरहरी चौकी क्षेत्र के ग्रामसभा ठाकुरपुर नंबर एक टोला बोहा में उमेश (35) पुत्र स्व. लालू निसाद की कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह मृतक के बड़े भाई कैलाश की सूचना पर गुलरिहा पुलिस शव को पोस्मार्टम के लिए मेडिकल भेजकर जाच पड़ताल में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि उमेश गुरुवार रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। पत्नी आरती और बच्चे बाहर बरामदे में सो रहे थे। शुक्रवार सुबह परिजनों ने देखा युवक की मौत हो गई है। सूचना पर गुलरिहा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी और जांच में जुट गई। उमेश का एक बेटा रोहित (15) व एक बेटी काजल (13) की है। मृतक हैदराबाद में पेंट पालिश का काम करता है। वह चार माह पहले घर आया था। कमरे में से शराब की खाली बोतले व भांग का गोला मिला है। ग्रामीणों के अनुसार, पति–पत्नी में किसी बात को लेकर आए दिन विवाद होता था। मृतक के शरीर पर कई जगह नाखून के निशान व मुंह से खून निकला था। जबकि मृतक की पत्नी आरती ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि रात को मेरे पति दारू व भाग का गोला खाकर सोए थे, सुबह मृत अवस्था मे पाए गए। मृतक के बड़े भाई कैलाश निषाद ने बताया कि भाई का उसकी पत्नी आरती से किसी बात को लेकर विवाद होता था। आशंका है कि मेरे भाई की पत्नी ने ही गला दबाकर हत्या की है। इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी सोनेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

## कोरोना से जंग में गोरखपुर वासी देश में सबसे ज्यादा मजबूत : खूब मिली एंटीबॉडी

गोरखपुर ब्यूरो : कोरोना वायरस से जंग में गोरखपुरवासी देश में सबसे ज्यादा मजबूत पाए गए हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के शोध से पता चला है कि देश में सर्वाधिक प्रतिरोधक क्षमता (एंटीबॉडी) गोरखपुरवासियों की है। 18 वर्ष से अधिक उम्र के शहरी व ग्रामीणों में 88 फीसदी प्रतिरोधक क्षमता मिली है। वहीं, 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों में 90 फीसदी प्रतिरोधक क्षमता पाई गई, जो कि श्रेष्ठ मानी जाती है। कोरोना वायरस की चुनौती से निपटने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एम्स गोरखपुर, एम्स भुवनेश्वर, जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजूकेशन एंड रिसर्च पांडिचेरी व गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज असम को शोध की जिम्मेदारी दी थी। एम्स गोरखपुर के डॉक्टरों की टीम ने अप्रैल से दिसंबर 2021 के बीच शहरी और ग्रामीण के 25–25 क्षेत्रों से 2000 लोगों के खून के नमूने जुटाए। इन नमूनों की तीन चरणों में जांच हुई, फिर रिपोर्ट बनाकर विश्व स्वास्थ्य संगठन व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजी है। शोध के बाद जो नतीजे सामने आए, वे चौंकाने वाले हैं। पता चला है कि जिन चार चिकित्सा संस्थानों को शोध की जिम्मेदारी दी गई थी, उन सबमें कोरोना के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता गोरखपुरवासियों में सबसे ज्यादा है। 18 वर्ष से कम उम्र के जिन लोगों ने वैक्सीन नहीं ली थी, उनमें भी 90 फीसदी प्रतिरोधाक क्षमता पाई गई। खास बात यह है कि ऐसे लोगों को कोरोना संक्रमण भी नहीं हुआ था। बिना वैक्सीन व कोरोना संक्रमण के ही प्रतिरोधक क्षमता बनी पाई गई। इस नतीजे को देखकर एम्स की टीम हैरान है।अच्छी एंटीबॉडी की वजह तलाशनी बाकी। एम्स की टीम ने कोरोना के खिलाफ एंटीबॉडी की जांच जरूर की थी, लेकिन यह पता नहीं लगाया था कि अच्छी एंटीबॉडी बनने की वजह क्या है? इस दिशा में काम चल रहा है। शोध टीम से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि अच्छी एंटीबॉडी बनने की वजह अच्छा खान–पान भी हो सकता है। गोरखपुर में प्रदूषण की मात्रा बहुत ज्यादा नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की दिनचर्या अच्छी रहती है। गोरखपुर में इन क्षेत्रों से लिए गए खून के नमूने शहरी क्षेत्र वार्ड नंबर तीन का एमएमएमयूटी, वार्ड नंबर एक के दिबिया, वार्ड नंबर छह के राप्तीनगर–चार, वार्ड नंबर सात के राप्तीनगर–एक, वार्ड नंबर 11 के हुमायूंपुर–एन, वार्ड नंबर 14 के झरना टोला, वार्ड नंबर 15 के मोहदद्दीपुर, वार्ड नंबर 20 की आवास विकास कॉलोनी, वार्ड नंबर 26 के निजामपुर, वार्ड नंबर 29 के लोहियानगर, वार्ड नंबर 39 के धर्मशाला, वार्ड नंबर 53 के काजीपुर खुर्द, वार्ड नंबर 57 के मोहद्दीपुर, वार्ड नंबर 61 के अलीनगर, वार्ड नंबर 36 के बिछिया रेलवे कॉलोनी, वार्ड नंबर 60 के रुस्तमपुर, वार्ड नंबर 46 के दाउदपुर, वार्ड नंबर 65 के बड़गो, वार्ड नंबर 21 के बेतियाहाता, वार्ड नंबर पांच के एयरफोर्स क्षेत्र, वार्ड नंबर 52 के मियांबाजार, वार्ड नंबर 67 के शेषपुर, वार्ड नंबर 34 के शाहपुर, वार्ड नंबर 28 के जंगल सालिकराम और वार्ड नंबर 13 के शिवपुर सहबाजगंज ग्रामीण क्षेत्र खोराबार के शिवपुर, झंगहा, बेलवार, पियासी, गहिरा व लक्ष्मीपुर। खजनी के भक्ता, कैंपियरगंज के जनकपुर, बसंतपुर, पिपराइच के ऊनौला व हरपुर, सरदारनगर के करमहां व डुमरीखास, जंगलकौड़िया के जंगलकौड़िया, रामपुर, नयनसर व सरहरी, चरगांवा के मोहनापुर, जंगलधूषण, मानीराम, सहजनवां के डोमहर, उज्जिखोर, बैसिया व ब्रह्मपुर के बेलवा। गोरखपुर एम्स कार्यकारी निदेशक डॉ सुरेखा किशोर ने कहा कि कोरोना के खिलाफ गोरखपुरवासियों में सर्वाधिक प्रतिरोधक क्षमता मिली है। 2000 लोगों के खून के नमूने लिए गए और तीन चरणों में जांच करके रिपोर्ट तैयार की गई। यह रिपोर्ट विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजी जा चुकी है। 18 वर्ष से ज्यादा उम्र के जिन लोगों के खून के नमूने लिए गए थे, उनमें से कुछ को कोरोना हुआ था। कुछ लोगों ने वैक्सीन भी ली थी। लेकिन, 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों ने न वैक्सीन ली थी और न ही उन्हें कोरोना संक्रमण हुआ था। इसके बावजूद प्रतिरोधक क्षमता जबरदस्त मिली है।

# थाना शाहगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास मे वांछित दोनों अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 31.08.2022 को थाना स्थानीय के उ0नि0 श्री विजय सिंह गौड व हमराही कर्मचारीगण द्वारा मुखबीर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 222/2022 धारा 504/324/307 भादवि के वांछित अभियुक्तों 1. मो0 अजीबुद्दीन उर्फ मोटे पुत्र सरफूद्दीन उर्फ बाबू 2. उस्मान पुत्र रहबर अली निवासीगण पश्चिमी कौडिया थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. मो0 अजीबुद्दीन उर्फ मोटे पुत्र सरफूद्दीन उर्फ बाबू नि0 पश्चिमी कौडिया थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2. उस्मान पुत्र रहबर अली निवासी पश्चिमी कौडिया थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। अभियुक्तों का आपराधिक इतिहासः– मो0 अजीबुद्दीन उर्फ मोटे पुत्र सरफूद्दीन उर्फ बाबू



मु0अ0सं0 1143/2010 धारा 457/380/411 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। मु0अ0सं0 222/2022 धारा 504/324/307 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। उस्मान पुत्र रहबर अली मु0अ0सं0 222/2022 धारा 504/324/307 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1. उ0नि0 श्री विजय सिंह गौड थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2. का0 बिकेश चौहान थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 3. का0 बृजेश यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

# जनपदीय पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के विरुद्ध चलाएं गए विशेष अभियान के तहत 05 अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम व संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे विशेष अभियान के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी के निकट पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुए जनपदीय पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे 04 किलोग्राम गांजा व 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों व बरामदगी का विवरण निम्न है–

1. थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त इम्तियाज उर्फ राजू पुत्र जान मोहम्मद निवासी लेदरही थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को 1 किलो 200 ग्राम नाजायज गाजा के साथ गोरारी बाजार(लेदरही मोड़) के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 169 /2022 धारा 8/ 20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

2. थाना सिंगरामऊ पुलिस टीम द्वारा एक किलोग्राम नाजायज गांजा के साथ अभियुक्त सजीले सरोज पुत्र खेलाड़ी सरोज निवासी ग्राम बैजलपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को कुधुआं तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 71/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर चालायन न्यायालय किया गया।

3. थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त प्यारे लाल पुत्र विजयी ग्राम लवायन थाना खुटहन जौनपुर को 900 ग्राम नाजायज गाँजा के साथ सुईथाखुर्द बडी नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुध्द मु0अ0सं0 235/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

4. थाना केराकत पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अखिलेश यादव उर्फ बुझारत यादव पुत्र रामसिंगार यादव नि0 ग्राम मुरलीपुर थाना केराकत जनपद जौनपुर को 900 ग्राम नाजायज गाँजा के साथ ग्राम भौरा मोड़ वहद ग्राम अकबरपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 327/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम अखिलेश यादव उर्फ बुझारत उपरोक्त के पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया ।

5. थाना सिकरारा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सुनील कुमार यादव पुत्र देवनारायन यादव निवासी टेकारी थाना सिकरारा जनपद जौनपुर को नाजायज 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 0233/22 धारा 60 EX ACCT पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# 75वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव मना रहा हिन्दुस्थान समाचार : काशी से दुनिया को एकता के सूत्र में पिरोएगा

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) देश के एकमात्र बहुभाषी न्यूज एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार के ''राष्ट्रीय एकात्म और भारतीय भाषाएं'' कार्यक्रम का काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र महामना सभागार साक्षी बनेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में हिन्दुस्थान समाचार न्यूज एजेंसी के लिए यह स्वर्णिम अवसर होगा। आजादी के अमृत महोत्सव पर ''राष्ट्रीय एकात्म और भारतीय भाषाएं'' कार्यक्रम में अमृत धारा बहेगी ही, राष्ट्रीय एकता, सभ्यता व संस्कृति का बोध कराएगा। यही नहीं, शिव–शक्ति–गंगा के संगम स्थल काशी से पूरी दुनिया को एकता के सूत्र में पिरोएगा। सत्य, संवाद, सेवा की राह पर चल रहा बहुभाषी न्यूज एजेंसी 75वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव मनाएगा। 75 वर्ष की यात्रा दरअसल, आजादी के बाद 1948 में बहुभाषी न्यूज एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार की स्थापना हुई थी। हिन्दुस्थान समाचार भारत की एक प्रमुख बहुभाषी समाचार संस्था है। घ्यह भारत की पहली बहुभाषी समाचार एजेन्सी है। दो सौ से अधिक समाचार पत्र व दूरदर्शन सहित लगभग सभी समाचार चौनल इसके ग्राहक हैं। पश्चिमी प्रभाव के बीच भारतीय विचार–दृष्टि के उर्वर भूमि तैयार करने में शामिल रहे चिंतक घ्दादा साहेब आप्टे ने हिन्दुस्थान समाचार न्यूज एजेंसी की स्थापना 10 अप्रैल, 1948 को की थी। उस समय इसने दस भाषाओं ( बांग्ला, ओड़िया, असमिया, तेलुगु, मलयालम, उर्दू, पंजाबी, गुजराती, हिन्दी और मराठी)) में समाचार देना आरम्भ किया। भारतवंशियों को भाव–भूमि से जोड़ने वाले स्व. बालेश्वर अग्रवाल के यशस्वी संपादन व प्रबंधन में हिन्दुस्थान समाचार देश की सबसे प्रामाणिक और प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी के रूप में स्थापित हुई। एक समय ऐसा भी आया जब हिन्दुस्थान समाचार अपने वजूद के लिए संघर्ष कर रहा था। तब राष्ट्र कार्य के लिए समर्पित स्व. श्रीकांत जोशी ने सन् 2003 में हिन्दुस्थान समाचार को नया जीवन दिया। हिन्दुस्थान समाचार न्यूज एजेंसी मूल मंत्र है– सत्य, संवाद, सेवा और सहकार। मौजूदा समय में अध्यक्ष अरविन्द मार्डीकर के नेतृत्व में इसी पथ पर समाचार एजेंसी आगे बढ़ रही है। हिन्दुस्थान समाचार लेख, फीचर, फोटो सर्विस भी प्रदान करता है। आधुनिक प्रौद्योगिकी के दृष्टिगत न्यूज स्कैन की सेवा भी प्रदान कर रहा है। हिन्दुस्थान समाचार द्वारा वार्षिकी का भी प्रकाशन किया जाता रहा है। यह प्रतिवर्ष की महत्वपूर्ण जानकारी समेटते हुए इतिहास दृष्टि विकसित करने के लिए प्रतिष्ठित है। 'यथावत' हिन्दुस्थान समाचार समूह की हिन्दी पाक्षिक पत्रिका है। इस पत्रिका ने पाठकों के बीच अपनी स्वतंत्र और मजबूत पहचान बनाई है। साथ ही 'युगवार्ता' (हिन्दी साप्ताहिक), 'नवोत्थान' (हिन्दी व बांग्ला मासिक), 'यथावत' पत्रिका का भी प्रकाशन किया जाता रहा है। भारतीय नववर्ष (चौत्र प्रतिपदा) के अवसर पर प्रतिवर्ष हिन्दुस्थान समाचार की तरफ से दैनन्दिनी का प्रकाशन किया जाता है, जिसमें भारतीय तिथि के साथ–साथ अंग्रेजी दिनांक भी होते हैं। भारतीय काल–क्रम पर आधारित यह दैनन्घदिनी बहुपयोगी है। न्यूज एजेंसी की दुनिया में हिन्दुस्थान समाचार की विश्वसनीयता देश के सर्वाधिक प्रसार संख्या वाले प्रतिष्ठित समाचार चौनल 'डीडी न्यूज' और 'आकाशवाणी' को छह भाषाओं में हिन्दुस्थान समाचार अपनी सेवा प्रदान कर रहा है। नेपाली भाषा के कई अखबार भी हिन्दुस्थान समाचार न्यूज एजेंसी के ग्राहक हैं। तमाम झंझावात के बावजूद मीडिया जगत में हिन्दुस्थान समाचार अडिग रहा है और आगे भी रहेगा। खबर को पूरी प्रामाणिकता के साथ प्रस्तुत करना हिन्दुस्थान समाचार का धर्म रहा है। न्यूज एजेंसी की दुनिया में हिन्दुस्थान समाचार की विश्वसनीयता का लोहा माना जाता है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए हिन्दुस्थान समाचार की भूमिका का स्वर्णिम इतिहास पत्रकारीय मूल्यों के साथ–साथ लोकतंत्र को परिष्कृत करने में भी यथासंभव अपनी भूमिका निभाई है। आपातकाल के दिनों में लोकतंत्र की रक्षा के लिए हिन्दुस्थान समाचार की जो भूमिका रही है, वह स्वर्णिम इतिहास है। निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता के चलते हिन्दुस्थान समाचार सत्ता प्रतिष्ठान का कोपभाजक बनता रहा है, लेकिन लक्ष्य 'लोकतंत्र का परिष्कार और पुरस्कार' रहा है। देश की सर्वाधिक ग्राहकों वाली न्यूज एजेंसियों में शीर्ष पर इस समय यह भारत की प्रमुख समाचार संस्था बन चुकी है। यह एजेंसी हिन्दी और उर्दू के साथ–साथ पंजाबी, मराठी, तमिल, गुजराती, असमिया, ओड़िया, कन्नड, बांग्ला, सिन्धी और नेपाली आदि भाषाओं में समाचार उपलब्ध कराती है। इस दृष्टि से यह संस्था भारतीय भाषाओं की आवाज है। हिन्दुस्थान समाचार देश की सर्वाधिक ग्राहकों वाली न्यूज एजेंसियों में शीर्ष पर है। हिन्दुस्थान समाचार का सबसे बड़ा ग्राहक देश का लोक सेवा प्रसारक 'प्रसार भारती' है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदरनगर आलमबाग में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदरनगर आलमबाग में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई है।जुखाम



बुखार से पीड़ित मरीज अधिक आ रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ एस एस रजा ने बताया कि फीवर 5 दिनों तक रहता है। समय पर इलाज कराने से ठीक हो जाता है इससे अधिक दिनों तक अगर बुखार रहता है तो टाइफाइड ,डेंगू की जांच करा ली जाती है जो अस्पताल में फ्री है सारी जांचें एवं दवाइयां फ्री हैं। केवल 1 का पर्चा बनता है।

# ऐतिहासिक अलम नौचंदी जुलूस ए अमारी हुआ संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : करबला में हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम व उनके 72 साथियों की दी गई कुर्बानी की याद में जौनपुर का प्रसिद्ध ऐतिहासिक अलम नौचंदी जुलूस ए अमारी 1 सितंबर 2022 दिन बृहस्पतिवार को इमामबाड़ा स्व0 मीर बहादुर अली दालान से निकला गया



इस जुलूस का इतिहास ये है कि सन 1942 में इस इलाके में ताउन यानी प्लेग की बीमारी फैल गई थी और हर घर से लाशे निकल रही थी लोग बहुत परेशान थे इस जुलूस के बानी सैय्यद जुल्फेकार हुसैन रिजवी ने अपने दो साथियों अली बाकर आब्दी व अमीर हसन खा के साथ मिलकर एक फरियादी आलम उठाने का संकल्प लिया और अलम उठाया गया और उसको बीमारी वाले रास्ते से घुमाया गया चमत्कार ये हुआ कि लोगो को बीमारी से निजात मिल गई बीमारी समाप्त हो गई जब बीमारी समाप्त हो गई तो इन लोगो ने अलम को हर महीने उठाने का फैसला किया उसके बाद सफर की नौचंदी जुमेरात को एक बड़े जुलूस की शक्ल दे दिया गया इस जुलूस में प्रदेश के कोने कोने से हर धर्म के लोग एकत्रित होते हैं और अपनी मुरादे पाते हैं अलम पर लोग छिल्ला बांधते हैं और उनकी मुरादे भी पूरी होती है इस वर्ष इस जुलूस की मजलिस की शुरुआत सोजखानी से शुरू किया गया जिसको गौहर अली जैदी और उनके साथियों ने पढ़ा उसके बाद मजलिस की संबोधित करने पटना से आए मौलाना सैयद मुराद रजा रिजवी मुकीम हाल ईरान ने संबोधित किया मजलिस खत्म होने के बाद अलम मुबारक निकाला गया अलम निकलने के बाद मास्टर मोहम्मद हसन नसीम ने जुलूस निकाले जाने के कारण पर प्रकाश डाला और अमारिया बारी बारी निकाली गई जुलूस में शहर की समस्त अंजुमन नौहा मातम करती चल रही थी जुलूस जब इमाम बडा मीर घर पहुंचे तो वहा एक तकरीर डा कमर अब्बास द्वारा की गई और ताबूत जनाबे सकीना बरामद हुआ जिसको अलम मुबारक से मिलाया गया जुलूस जब सदर इमामबाड़ा पहुंचा तो वहा बेलाल हसनैन ने एक अलवेदाई तकरीर की और अमारी रौजे में बारी बारी दाखिल की गई। जुलूस के व्यवस्थापक सैय्यद अलम दार हुसैन रिजवी कन्वीनर सैय्यद शहेंशाह हुसैन रिजवी और उनके भाइयों द्वारा आए हुए तमाम लोगों का और जिला प्रशासन

## थाना चन्दवक पुलिस द्वारा तीन वारंटी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना चन्दवक पुलिस द्वारा तीन वारंटी अभियुक्त मु0नं0 279/2022 धारा 279/337/338/304 । प्ध्छ से सम्बन्धित अभियुक्त रिशू राजभर पुत्र रामदयाल राजभर निवासी मारिकपुर थाना चन्दवक जनपद जौनपुर व मु0नं0 3616/09 अभियुक्त मुसम्मी वीरेन्द्र पुत्र दूधनाथ निवासी हरिहरपुर सेमरी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर व मु0नं0 2740/09 से संबन्धित वारण्टी हरिश्चन्द्र पुत्र राजनाथ निवासी कुकरौधा थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया।

# दाढ़ी काटकर फरार हुए नकाबपोश युवक : चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मेरठ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद में विशेष समुदाय के युवक की दाढ़ी काटने का मामला सामने आया है। बताया गया कि बहसूमा में कपड़े की फेरी करने वाले बाइक सवार युवक की झुनझुनी नहर पटरी पर दो बाइकों पर सवार चार युवकों ने पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। वहीं पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट व धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। ये है मामला इंचौली थाना क्षेत्र के बिसौला निवासी शहजाद पुत्र शकीजान ने बताया कि वह गांव–गांव जाकर कपड़े की फेरी करता है। गुरुवार देर शाम को वह रानीनगला, भंडोरा गांव में कपड़े की फेरी करने के बाद झुनझुनी नहर पटरी से वापस गांव लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से दो बाइकों पर सवार चार नकाबपोश युवकों ने बाइक को आगे लगाकर रोक लिया। रोकने पर लूटपाट करने की कोशिश की लेकिन उसके पास कुछ नहीं मिलने पर उसकी टोपी उतार कर फेंक दी। गर्दन काटने की दी धमकी इसके बाद युवकों ने उसकी गर्दन काट कर नहर में फेंकने की धमकी दी। इसके बाद उनमें से एक युवक ने इसको मुल्ले कहते हुए कैंची निकालकर उसकी दाढ़ी काट दी। हालांकि उन्होंने उसके साथ कोई लूटपाट नहीं की। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। वहीं जानकारी मिलने के बाद पहुंचे सीओ मवाना उदय प्रताप सिंह ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। बाद में पीड़ित की तहरीर पर धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने व मारपीट के आरोप में अज्ञात चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं शुक्रवार दोपहर में इंस्पेक्टर महावीर सिंह ने पीड़ित को नहर पटरी पर बुलाकर दोबारा से घटनास्थल पर बारीकी से जांच की। लेकिन घटनास्थल के आसपास कहीं भी कटे हुए बाल बरामद नहीं हुए। मामला दो समुदाय से जुड़ा है। इस संबंध में इंस्पेक्टर महावीर सिंह का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# लोगों की समस्याएं निपटाने में नाकाम 73 अफसरों को नोटिस : कार्यवाही तय

लखनऊ ब्यूरो : आम लोगों की समस्याओं के निराकरण में ढिलाई पर कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार ने 73 अफसरों को नोटिस जारी कर जवाब–तलब किया है। इनमें शासन स्तर के 10 विभागाध्यक्ष, पांच मंडलायुक्त, 10 डीएम, पांच–पांच विकास प्राधिकरण के वीसी व नगर आयुक्त तथा 10 तहसीलें शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस के तीन एडीजी, पांच आईजी और डीआईजी,10 कप्तानों (कमिश्नरेट, एसएसपी व एसपी) तथा 10 थानों से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर इन पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन सुनवाई पोर्टल पर जनसमस्याओं का समय से निस्तारण करने में नाकाम अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस पर सीएम ऑफिस ने 73 अफसरों से स्पष्टीकरण मांगा है। सीएम ने जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) तथा सीएम हेल्पलाइन–1076 पर आने वाली आम लोगों की शिकायतों के गुणवत्तायुक्त निस्तारण की शासन से लेकर तहसील और थाने स्तर तक की गोपनीय रिपोर्ट तैयार कराई है। इनमें जुलाई में मासिक रैंकिंग के आधार पर सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों की रिपोर्ट भी शामिल है। इन सवालों का मांगा जवाब नोटिस में आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाइन पर आई शिकायतों और उसके निस्तारण की स्थिति के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए पूछा गया है कि शिकायतों का समय से निस्तारण न होने का क्या कारण रहा? क्यों न इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए कार्रवाई की जाए? खराब प्रदर्शन पर नोटिस 10 विभाग : नियुक्ति, कार्मिक, आयुष, प्राविधिक शिक्षा, कृषि विपणन, अवस्थापना और औद्योगिक विकास, आवास एवं शहरी नियोजन, व्यावसायिक शिक्षा, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति तथा पर्यावरण वन



एवं जलवायु परिवर्तन विभाग। मंडलायुक्त व डीएम : मेरठ, वाराणसी, कानपुर, लखनऊ व देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त तथा जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी, कन्नौज, सोनभद्र, मिर्जापुर, श्रावस्ती, कासगंज, मथुरा और बस्ती के डीएम। विकास प्राधिकरण : बागपत, सिद्धार्थनगर, जालौन, उन्नाव व सोनभद्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, मेरठ, कानपुर नगर, अलीगढ़, सहारनपुर व मथुरा के नगर आयुक्त। तहसील : सोनभद्र की रॉबर्ट्सगंज, घोरावल व दुद्धी, अंबेडकरनगर की आलापुर, बहराइच की कैसरगंज, वाराणसी की राजा तालाब, लखीमपुर की धौरहरा, अमेठी की गौरीगंज, गाजीपुर की कासिमाबाद तथा कन्नौज की कन्नौज तहसील।पुलिस अफसरों को भी जारी हुआ नोटिस जनशिकायतों के निस्तारण में खराब प्रदर्शन पर मेरठ, गोरखपुर व प्रयागराज जोन के एडीजी, झांसी, बरेली, मुरादाबाद, आजमगढ़ व गोरखपुर के आईजी–डीआईजी, कानपुर नगर, लखनऊ, बलिया, कुशीनगर, सोनभद्र, शामली, बाराबंकी, गाजीपुर, कानपुर आउटर व चित्रकूट के कप्तानों को नोटिस जारी किया गया है। 10 थाने : आगरा का बसई अरेला व मनसुखपुरा, सोनभद्र का रामपुर बर्कोनिया, गौतमबुद्धनगर का सेक्टर 113, शाहजहांपुर का परौर, गाजीपुर का शादियाबाद, बलिया के फेफना, प्रयागराज का सिविल लाइंस, बहरिया और मऊआइमा थाना है।

# जिला कारागार जौनपुर का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के निर्देशों एवं अनुमति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम द्वारा 02 सितम्बर 2022 को जिला कारागार, जौनपुर का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में महिला बन्दियों की समस्याएं तथा जेल अस्पताल में भर्ती बन्दी मरीजों का हाल–चाल पूछा गया। बन्दियों को विधिक एवं मौलिक अधिकारों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। ऐसे विचाराधीन बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु अधिवक्ता करने में अक्षम है तथा ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैदियों के नाबालिक होने की संभावना को देखते हुए जन्म प्रमाण पत्र मंगवाने की सलाह दी गयी।समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1333 बन्दी है, जिनमें 188 पुरूष तथा 07 महिला सिद्धदोष बन्दी हैं तथा 979 पुरूष तथा 68 महिलाएँ एवं 60 अल्पवयस्क विचाराधीन बन्दी हैं। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 13 बच्चे हैं। महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के नाश्ता, भोजन आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूँछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है। जेल अस्पताल के निरीक्षण में साफ–सफाई में कमियों की तरफ इंगित करते हुए साफ–सफाई की व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि बन्दियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम का गठन भी किया गया है जिनके द्वारा प्रत्येक बुधवार को बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एस0के0 पाण्डेय, जेलर, कुलदीप सिंह भदौरिया, डिप्टी जेलर, धर्मेन्द्र सिंह व श्रीमती सुषमा शुक्ला, चिकित्सा अधिकारी डा0 रविराज, फार्मासिस्ट सतीश कुमार गुप्ता तथा जेल पी0एल0वी0 गण व अन्य उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री यशस्वी योजना अन्तर्गत पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिये किया जायेगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, शास्त्री नगर, नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री यशस्वी योजना के अन्तर्गत YET 2022 का आयोजन निर्धारित टाप क्लास स्कूल सार्वजनिक (केन्द्रीय/राज्य/स्थानीय निकाय) या सहायता प्राप्त स्कूल या निजी स्कूलों की कक्षा 09 और कक्षा 11 में पढ़ने वाले ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिये किया जायेगा। केवल वे अभ्यर्थी जिन्होंने शैक्षिक सत्र 2021–22 में 8वीं/10वीं कक्षा उत्तीर्ण की है, वे परीक्षा में आवेदन करने/उपस्थित होने के पात्र हैं। परीक्षा का आयोजन YET 2022 कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में आयोजित कराया जायेगा। परीक्षा में बैठने की आवश्यक पात्रता है कि आवेदक को भारतीय नागरिक होना चाहिए। उसे ओबीसी या ईबीसी या डीएनटी श्रेणी से सम्बन्धित होना चाहिए। उन्हें टाप क्लास स्कूल में अध्ययनरत् होना चाहिए। उन्हें 2021–22 में कक्षा 8 या कक्षा 10 (यथा संदर्भित) उत्तीर्ण होना चाहिए। माता–पिता/अभिभावक की सभी स्रोतों से आय रु0 2.5 लाख प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। लड़के एवं लड़कियॉ दोनों आवेदन करने के पात्र हैं। लड़कियों के लिए आवश्यक पात्रता लड़कों के समान ही है। यह परीक्षा 25 सितम्बर 2022 को आयोजित की जायेगी। उक्त योजना के अन्तर्गत कक्षा 9 के लिये रु0 75,000 एवं कक्षा 11 के लिये रु0 1,25,000 अवार्ड के रूप में दी जायेगी। अधिक जानकारी के लिये वेबसाइट https%//yet.nta.ac.in पर विजिट कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने जनपद जौनपुर के टाप क्लास स्कूल सार्वजनिक (केन्द्रीय/राज्य/स्थानीय निकाय) या सहायता प्राप्त स्कूल या निजी स्कूल हो सकते हैं। पूर्वनिर्गत समय–सारणी के क्रम में ओ0बी0सी0 एवं अन्य छात्रों को PM Young Achievers Scholarship Award Scheme के अन्तर्गत लाभ हेतु वेबसाइट https%//yet.nta.ac.in पर 26 अगस्त 2022 तक आवेदन किया जाना प्राविधानित किया गया था। संशोधित समय–सारणी के अनुसार उपर्युक्त वेबसाइट पर पात्र छात्रों हेतु 01 सितम्बर 2022 से 11 सितम्बर 2022 तक पंजीकरण एवं 12 सितम्बर 2022 से 14 सितम्बर 2022 तक संषोधन का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। अतः उपरोक्त संशोधित तिथियों के अनुसार योजना में पंजीकरण से वंचित छात्र अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

## मदरसे हो या स्कूल नहीं होने दिया जाएगा भ्रष्टाचार –शिक्षा मंत्री गुलाब देवी

मेरठ ब्यूरो : माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी शुक्रवार को मेरठ पहुंचीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा में भ्रष्टाचार नहीं होने दिया जाएगा। कहा कि जहां भी छात्रवृत्ति को लेकर घोटाले हो रहे हैं, चाहे वह मदरसे हो या स्कूल सभी जगह से भ्रष्टाचार को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा के विकास के लिए कार्य किए जाएंगे। निजी स्कूल की तरह सरकारी सकूलों में भी पूरी सुविधाएं दी जाएंगी। स्कूलों में किताबों की कमी पर उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच कराई जाएगी और सभी स्कूलों तक किताबें भिजवाई जाएंगी। भूपेंद्र चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से और मजबूत होगी पार्टी भूपेंद्र चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि भूपेंद्र संगठन के व्यक्ति है, उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी और अधिक मजबूत होगी। कहा कि भाजपा किसी जाति विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा सभी को साथ लेकर चलती है। इस दौरान कैंट विधायक अमित अग्रवाल, भाजपा नेता राहुल देव आदि ने उनसे सर्किट हाउस में मुलाकात की। यहां उन्होंने माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

## प्रतिदिन स्कूल आने वाली जोया को बीएसए ने अपनी कुर्सी पर बिठा कर किया नवीन कक्ष का उद्‌घाटन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के कम्पोजिट विद्यालय पारा ताजपुर की छात्रा एक दिन की बीएसए बनी।विद्यालय के बच्चों के शैक्षिक भ्रमण के समापन के अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार राय ने बच्चों से शैक्षिक भ्रमण के बारे में जानकारी हासिल की और प्रतिदिन विद्यालय आने वाली कक्षा 5 की छात्रा जोया को स्वयं अपनी कुर्सी पर बैठा कर नवीन कक्ष का उद्‌घाटन किया।सूत्र के मुताबिक इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से प्रेरणादायक बातचीत की।इस दौरान बच्चे काफी खुश नजर आए। इस मौके पर विद्यालय के आदर्श शिक्षक एवं जनपद के जिला स्काउट मास्टर अनूप मल्होत्रा के नेतृत्व में आयोजित इस शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय ,सरयू दर्शन ,साकेत महाविद्यालय ,गुलाब बाड़ी ,प्रधान डाकघर एवं अयोध्या कैंट रेलवे जंक्शन का भ्रमण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। सभी बच्चों ने रेस्टोरेंट में दोपहर भोजन भी किया।इसी कड़ी में समापन अवसर पर बीएसए



कार्यालय में बच्चों से बीएसए श्री राय ने पठन–पाठन संबंधित जानकारी प्राप्त कर समय ज्ञान की पुस्तकें बांटी।इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय रामचन्द्र मौर्य, हैरिंग्टनगंज खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश, जिला समन्वयक एमआईएस मोहिता दीक्षित,आशुलिपिक अवधेश कुमार,गंगाराम,कृपा राम,राहुल मिश्र, गया प्रसाद तिवारी, धीरज कनौजिया, मुकुल खरे , विकास कमल सिंह, मो अनवर,अनिल सिंह, शीतांशु , विष्णु प्रताप सिंह,एआरपी राजन कुमार, विद्यालय के अध्यापक सत्यप्रकाश व अनुदेशक रामदेव आदि मौजूद रहे।

## ग्रामर्षि अकाडमी इंटरनेशनल स्कूल गोशाईगंज की बस बिना फिटनेस हुई दुर्घटना ग्रस्त : ड्राइवर सहित कई बच्चे घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के ग्रामर्षि अकाडमी इंटरनेशनल स्कूल गद्दौपुर गोशाईगंज की बस देवकाली स्थित पंचशील होटल के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूत्र के मुताबिक यह स्कूल भाजपा एम एल सी हरिओम पांडेय का स्कूल बताया जा रहा है।प्रारंभिक जांच में,ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। इस हादसे में ड्राईवर सहित लगभग 10 बच्चे घायल हुए हैं।जहां सभी घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा देवकाली स्थित लाइफलाइन हॉस्पिटल में लाकर भर्ती कराया गया है। जहां सभी घायल ड्राइवर सहित बच्चों का इलाज चल रहा है।मालूम हो कि इस स्कूली बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से दस मिनट पहले देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चौनल ने उस समय इस खबर को चलाया जब वह बस कोतवाली नगर क्षेत्र नाका देवकाली बाईपास पर दिखी।मालूम हो कि जब वह बस हाई स्पीड से नाका देवकाली बाईपास से गुजरी तब देखा गया कि उस बस में पीछे का शीशा पूरा टूट चुका है।दो बच्चे इस बस में पीछे बैठे साफ साफ दिखाई दे रहे थे। जिससे यही अंदाजा लगा कि यह बस कभी भी दुर्घटना ग्रस्त हो सकती है, और हुआ भी वही महज दस मिनट के अंदर शहर के पंचशील होटल के समीप यह बस दुर्घटना ग्रस्त हो गई। सूत्र के मुताबिक यह स्कूल डॉ हरिओम पांडे का बताया जा रहा है।ग्रामर्षि अकाडमी



इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन की भारी लापरवाही उजागर हो रही है।बस के पीछे टूटे हुए शीशे के बावजूद खिड़की के पास बैठ कर बच्चे मौत का सफर करते हुये दिखाई दे रहे थे।25 सीटर बस में 45 बच्चे बैठे दिखाई दिये।गद्दोपुर गोसाईगंज में यह स्कूल है।जो सूत्र के मुताबिक एनसीसी की ट्रेनिंग के लिए बच्चे फैजाबाद शहर आये थे। वही वापसी में कोतवाली नगर के देवकाली बाईपास पर हादसा हुआ।जानकारो के मुताबिक आरटीओ विभाग की भी भारी लापरवाही नजर आयी।स्कूली बस बिना फिटनेस की चल रही थी।

## प्रदर्शन के दौरान ट्रेन रोकने में अन्नू टंडन दोषी : नसीमुद्दीन सिद्दीकी को बयान दर्ज

लखनऊ ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने भी वर्ष 2017 में प्रदर्शन के दौरान उन्नाव स्टेशन पर ट्रेन रोकने के मामले में पूर्व सांसद अन्नू टंडन समेत चार लोगों को दोषी करार दिया है। हालांकि कोर्ट ने अपीलार्थियों को राहत देते हुए सिर्फ जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई दो–दो साल कारावास व 25–25 हजार रुपये के जुर्माने की सजा अधिक है। लिहाजा अपीलार्थियों को सिर्फ जुर्माने की सजा सुनाई जाती है, जिसे वे जमा कर चुके हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने अन्नू टंडन समेत चारों के अपील पर दिया। गौरतलब है कि आरपीएफ पोस्ट उन्नाव ने 12 जून 2017 को एक शिकायत दर्ज की थी। इसमें कहा गया था कि ट्रेन नंबर 18191 (टाटा–छपरा एक्सप्रेस) को कांग्रेस के डेढ़ से दो सौ कार्यकर्ताओं ने उन्नाव स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर पहुंचने से पहले रोककर इंजन पर चढ़ गए। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व अन्नू टंडन, सूर्यनारायण यादव, अमित शुक्ला व अंकित परिहार कर रहे थे। इनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। ट्रायल कोर्ट ने 18 मार्च 2021 को चारों को दोषसिद्ध करार देते हुए दो–दो साल कारावास व 25–25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अब इस मामले में हाईकोर्ट ने कहा कि ट्रेन सिर्फ 15 मिनट के लिए रोकी गई थी और सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान नहीं किया। इसलिए अपीलार्थियों को सिर्फ जुर्माने की सजा सुनाई जाती है। एमपी–एमएलए कोर्ट में नसीमुद्दीन सिद्दीकी के बयान दर्ज धरना–प्रदर्शन के दौरान आवागमन अवरुद्ध करने के मामले



में आरोपी तत्कालीन बसपा महासचिव नसीमुद्दीन सिद्दीकी के बयान दर्ज किए गए। एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंबरीश कुमार श्रीवास्तव ने बचाव पक्ष को साक्ष्य पेश करने के लिए नौ सितंबर की तारीख तय की है। इसके पहले सुनवाई के समय सिद्दीकी कोर्ट में हाजिर हुए और कोर्ट ने उनके बयान दर्ज किए। गौरतलब है कि मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से गवाही पूरी होने के बाद आरोपी के बयान दर्ज किए गए है। तय तारीख पर आरोपी नसीमुद्दीन सिद्दीकी अपने बचाव में साक्ष्य पेश कर सकते हैं। पत्रावली के अनुसार इस मामले की रिपोर्ट उप निरीक्षक शिवा साकेत सोनकर ने 21 जुलाई 2016 को हजरतगंज थाने में दर्ज करा कर कहा था कि तत्कालीन भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह के बयानों के विरोध में नारेबाजी करते हुए बसपा के 4–5 हजार कार्यकर्ता हजरतगंज चौराहे से निकलकर विधानसभा के सामने सड़क अवरुद्ध कर दिया है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। विवेचना के बाद पुलिस ने सिद्दीकी समेत अन्य के खिलाफ 21 जून 2017 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## जब जिले में चल रहा था उपमुख्यमंत्री का दौरा : तब गांव में हुई ऐसी घटना : जिसने सबको स्तब्ध कर दिया

मिर्जापुर ब्यूरो : मिर्जापुर में देहात कोतवाली के गंगाउत गांव में शुक्रवार की सुबह एक युवक ने अपनी मासूम चचेरी बहन की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। पहले भी कई बार बहन और अन्य कई लोगों पर हमला कर चुका था। पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले गई। गंगाउत निवासी लक्ष्मण बिंद के चार बेटे हैं। उनका सबसे छोटा बेटा श्याम शंकर गुजरात में काम करता है। श्याम शंकर का एक बेटा और एक बेटी है। श्याम शंकर की सात साल की बेटी सृष्टि अपने भाई शुभम के साथ स्कूल गई थी। सृष्टि स्कूल से घर वापस चली आई। वह अपने चचेरे भाई और बुआ की बेटी के साथ घर में खेल रही थी। इस दौरान उसके बड़े पिता उमाशंकर का सबसे बड़ा पुत्र प्रियांशु आया और कुल्हाड़ी से सृष्टि के ऊपर हमला कर दिया। परिजन सृष्टि को लेकर अस्पताल गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस के पहुंचने पर परिजनों ने बताया कि आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ है। वह पहले भी इस तरह की घटना कर चुका है। जिसके कारण उसे बांधकर घर में रखा जाता था। देहात कोतवाल विपिन सिंह ने बताया कि युवक ने अपनी चचेरी बहन की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या की है। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। यह घटना तब घटी जब उप मुख्यमंत्री का जिले में दौरा चल रहा है।

## साठ वर्ष पूर्ण कर चुके जनपद के पत्रकार अपनी संपूर्ण सूचना प्रपत्रों के साथ विभाग में अति शीघ्र जमा करा दे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री जी योगी आदित्यनाथ नेतृत्व में 60 वर्ष व उससे अधिक के पत्रकारों को पेंशन दिये जाने का निर्णय लिया गया है।इसके क्रम में सूचना निदेशक/अपर सूचना निदेशक के माध्यम से पत्र जारी किया गया है। इस क्रम में उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह द्वारा मण्डल/जनपद/तहसील/ब्लाक/ग्राम स्तर के पत्रकार साथियों से अनुरोध है कि जिन सम्मानित पत्रकार बन्धुओं की उम्र 60 वर्ष पूर्ण या इससे अधिक हो गयी है वे अपना आवेदन पत्र, आधार कार्ड की फोटोकापी एवं सम्बंधित समाचार पत्र के परिचय पत्र या रिकार्ड पत्र के फोटो प्रति के साथ अपना आवेदन पत्र दिनांक 3 सितम्बर 2022 को आवेदन पत्र सूचना कार्यालय अयोध्या में जमा कर दें, जिसमें आवेदन पत्र में आवेदक का नाम, उनके पिता का नाम, आधार कार्ड में अंकित आवासीय पता, सम्बंधित समाचार पत्र का नाम या स्वतंत्र पत्रकार मोबाइल नम्बर सहित हार्डकापी में जमा कर दें।जिसको सूचना निदेशालय उत्तर प्रदेश को दिनांक 5 सितम्बर 2022 तक प्रेषित किया जाय, इसमें सभी श्रेणी के 60 वर्ष उम्र के या उम्र से ज्यादा के पत्रकार हों।

## मौसम विभाग के मुताबिक लखनऊ अयोध्या एवं वाराणसी समेत अन्य जिलों में भारी बारिश की संभावना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। शनिवार को मौसम विभाग ने लखनऊ वाराणसी गोरखपुर समेत 41 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर जैसे तराई क्षेत्रों में गरज–चमक के साथ बिजली गिरने की भी संभावना है।मौसम विभाग के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया 24 घंटे में 2.9 मिलीमीटर बारिश प्रदेश भर में रिकॉर्ड की गई। सबसे ज्यादा बारिश महाराजगंज क्षेत्र में 44.3 मिलीमीटर हुई है। गोरखपुर में 28.7 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा, श्रावस्ती में 20.6 मिलीमीटर और सिद्धार्थनगर में 26.2 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की है।मौसम विभाग के बताया, "2 और 3 सितंबर को बस्ती, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर–खीरी, सीतापुर, बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर जैसे तराई क्षेत्रों में भारी बारिश होगी। यहां गरज–चमक के साथ बिजली भी गिरने का अनुमान है।इसके अलावा सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत, बदायूं, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में भी भारी बारिश होगी। बिजली की गरज–चमक के साथ 40 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से इन जिलों में हवाएं भी चल सकती हैं।अयोध्या में घने बादल छाए हैं। गुरुवार को हल्की बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञानी के अनुसार, आगामी 24 घंटों में अयोध्या समेत आसपास के जिलों के कई इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।

## मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री ने रामलला को भेंट की चांदी की तीन किलो 333 ग्राम की तीन शिला

अयोध्या ब्यूरो : मध्य प्रदेश सरकार के परिवहन व राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अपने 400 समर्थकों के साथ रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। साथ ही राम मंदिर निर्माण के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को तीन किलो 333 ग्राम की तीन चांदी की शिलाएं भी अर्पित की। इसके अलावा सात लाख 21 हजार का निधि समर्पण भी किया जो उनकी विधानसभा में अभियान चलाकर एकत्र किया गया था। इससे पहले अयोध्या पहुंचे मंत्री गोविंद सिंह राजपूत व उनके समर्थको का नेपाली बाबा आश्रम में भव्य स्वागत सम्मान किया गया। मंत्री ने नेपाली बाबा आश्रम के महंत तपस्वी आत्मानंद महात्यागी उर्फ नेपाली बाबा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद आश्रम से गाजे बाजे के साथ अपने समर्थकों के साथ शोभायात्रा निकालकर मंत्री राम जन्म भूमि पहुंचे। मंत्री ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई और ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को चांदी की सिला व अपने विधानसभा सुर्खी से एकत्र किए गए निधि समर्पण को भेंट किया।



इस दौरान मंत्री गोविंद सिंह ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद राम मंदिर का निर्माण हो रहा है हम सब उसके साक्षी बन रहे है यह बड़े ही गौरव का विषय है। कहा की हमारे क्षेत्र में राम के प्रति भक्तों में अपार आस्था है यही आस्था प्रकट करने के लिए यह सभी भक्त हमारे साथ अयोध्या पहुंचे हैं। रामलला का दर्शन कर और राम मंदिर निर्माण कार्य का साक्षी बन कर हम सभी लोग आह्लादित हैं।

## विश्वासघात के मामलों में लखनऊ सबसे आगे : एनसीआरबी के आंकड़ों ने खोली पोल

लखनऊ ब्यूरो : पूरे देश में सबसे अधिक विश्वासघात (ब्रीच ऑफ ट्रस्ट) के मामले लखनऊ में दर्ज किए गए हैं। एनसीआरबी की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पूरे देश में आईपीसी की धारा 406 और 409 के तहत 3926 केस दर्ज हुए। इनमें से एक तिहाई करीब 1526 मामले लखनऊ के हैं। दूसरे नंबर पर मुंबई और दिल्ली तीसरे स्थान पर है। लखनऊ में आर्थिक अपराध का भी ग्राफ पिछले तीन सालों की तुलना में बढ़ा है। एनसीआरबी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, गाजियाबाद में 595, कानपुर में 433 और लखनऊ में 3440 केस आर्थिक अपराध के दर्ज हुए। इनमें विश्वासघात के मामलों पर नजर डाली जाए तो गाजियाबाद में 202, कानपुर में 134 और लखनऊ में 1526 केस हैं। अन्य तरह की ठगी के मामले में गाजियाबाद में कुल 393, कानपुर में 299 और लखनऊ में 1879 मामले दर्ज हुए हैं। आर्थिक अपराध तीन साल में सबसे अधिक पिछले तीन साल के आंकड़ों के मुताबिक, लखनऊ में अन्य दो महानगरों की तुलना में छह से सात गुना अधिक आर्थिक अपराध हुआ। गाजियाबाद में 2019 में 378, कानपुर में 437 तो लखनऊ में 3011 केस दर्ज हुए। वहीं, 2020 में यह आंकड़ा क्रमशः 567, 281 और 2224 रहा। बीते साल 2021 में इस आंकड़े में हर जगह बढ़ोतरी हुई। गाजियाबाद में 595, कानपुर में 433 और लखनऊ में 3440 केस दर्ज हुए। साइबर अपराध में भी आगे आंकडे्ध बताते हैं कि साइबर अपराध में काफी गिरावट आई है। 2019 में गाजियाबाद में 347, कानपुर में 365 और लखनऊ में



1262 केस दर्ज हुए तो वहीं 2020 में क्रमशः 756, 300 व 1465 और 2021 में 451, 449 और 1067 मामले दर्ज हुए। वहीं, साइबर अपराध के दूसरे तरीके सेक्सटॉर्सन के मामले में भी लखनऊ सबसे आगे रहा। गाजियाबाद में 2021 में 15 मामले आए तो लखनऊ में 58 केस दर्ज किए गए। ऑनलाइन यौन उत्पीड़न के मामले में कानपुर सबसे आगे रहा, जहां 81 मामले दर्ज किए गए। वहीं, गाजियाबाद में पांच और लखनऊ में 18 मामले सामने आए। इसके अलावा साइबर ठगी के गाजियाबाद में 376 और लखनऊ में 423 तो कानपुर में एक भी मामले सामना नहीं आया। साइबर फ्राड के जरिये अवैध वसूली के मामलों में भी लखनऊ आगे रहा। यहां ऐसे 602 केस दर्ज किए गए। पिछला साल बुजुर्ग रहे सुरक्षित आंकड़े बताते हैं कि राजधानी में पिछले साल वरिष्ठ नागरिकों के साथ कोई बड़ी वारदात नहीं हुई। हालांकि, इस दौरान उनकी फरियाद भी ज्यादा सुनी गई। 2019 में 8, 2020 में 46 और 2021 में 52 मामले सामने आए। इसमें हत्या व डकैती जैसी बड़ी वारदात वरिष्ठ नागरिकों के साथ नहीं हुई। वहीं, चोरी के 11, लूट का एक और ठगी के नौ मामले सामने आए।

### क्षेत्रीय प्रबंधक व सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी पल्लव बोस का हार्ट अटैक से निधन

लखनऊ ब्यूरो : परिवहन निगम लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक व सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी पल्लव बोस का निधन हो गया है। उन्हें हार्ट अटैक आया था। आनन–फानन टेंडर पाम अस्पताल ले जाया गया, लेकिन यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सिटी बस संचालन को बेहतर बनाने और इलेक्ट्रिक बसों के संचालन में पल्लव बोस के अहम योगदान रहा। उनके निधन से परिवहन विभाग और निगम में शोक की लहर पैदा हो गई है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से लेकर एमडी संजय कुमार और अन्य आला अधिकारियों व कर्मचारियों ने संतप्त परिवार के लिए ईश्वर से कामना की है। मूलरूप से बिहार के रहने वाले थे। बंगाल में संयुक्त परिवार है। वह लखनऊ में शहीद पथ के पास रहते थे। परिवार में दो बेटियां थीं, जो शुक्रवार सुबह फ्लाइट से लखनऊ पहुंची। परिवार शव को लेकर कोलकाता जाने की तैयारी में है, जहां उनकी अंत्येष्टि की जाएगी।

## सड़क के किनारे अतिक्रमण करने वालों के लिये लोक निर्माण विभाग से नोटिस जारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बहराइच–फैजाबाद–आजमगढ़ मार्ग पर जनपद अयोध्या के सीमा के अंतर्गत पड़ने वाले शहरी भाग क्रमशः रीडगंज ओवर ब्रिज से दर्शननगर, पूरा बाजार आबादी क्षेत्र, मया बाजार आबादी क्षेत्र, गोसाईगंज बाजार आबादी क्षेत्र में लोकनिर्माण विभाग की स्थाई भूमि से अपना स्थाई/अस्थाई निर्माण इस प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर हटा ले। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तोध लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रशासन व पुलिस बल के सहयोग द्वारा अतिक्रमण हटा दिया जाएगा। किसी भी प्रकार के हानि हेतु सम्बन्धित स्वयं जिम्मेदार होगा व अतिक्रमण हटाने में आने वाले खर्च सम्बन्धित से राजस्व वसूली की भांति वसूला जाएगा। उक्त जानकारी अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग अयोध्या ने दी।

## जल्द ही अयोध्या नगरी में महिलाओं को मिलेगी प्रसव सुविधा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)अयोध्या नगरी में महिलाओं के लिए प्रसव सुविधा की समस्या लम्बे समय से है।यहाँ पर स्थित श्री राम अस्पताल व तुलसी राजकीय महिला चिकित्सालय में प्रसव सुविधाएँ उपलब्ध न होने के कारण यहाँ के निवासियों को फैजाबाद महिला चिकित्सालय की ओर रख करना पड़ता है।इस समस्या से निजात दिलाने के लिए भाजपा नेता विशाल मिश्र ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को अवगत कराकर माँग की है कि अयोध्या वासियो की इस संकट को जल्द दूर किया जाए जिससे समय पर बेहतर प्रसव की सुविधाएँ प्रसूता को मिल सके।श्री मिश्र की इस माँग को पूरा करने के लिए उप मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को निर्देश दिए हैं इस पर श्री मिश्र ने डिप्टी सीएम के प्रति अयोध्या वासियो की ओर से आभार जताया है।

### एक और तेंदुए की खबर से सहमे आस पास के लोग

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) शहर से सटे कैंटोनमेंट एरिया में 72 घंटे पहले ही एक तेंदुए को वन विभाग ने पकड़ा था।जो बीते 1 माह से आतंक का पर्याय बना हुआ था। वहीं, इलाके में एक और तेंदुए की खबर सुनकर आसपास के लोग सहम गए हैं।दावा किया जा रहा है कि इस तेंदुए ने बुधवार को एक कुत्ते का शिकार किया है और जिस जगह पर तेंदुए ने कुत्ते का शिकार किया है, वहां पर दो बार पहले भी यह तेंदुआ देखा जा चुका है।फिलहाल, इसकी सूचना वन विभाग को दे दी गई है और वन विभाग ने घटनास्थल के आसपास ट्रैप कैमरे लगाने शुरू कर दिए हैं।वही ग्रामीणों के मुताबिक, सेना के अल्फा रेंज स्थित हेलीपैड के पास तेंदुआ बीते 2 दिनों के अंदर देखा गया है।बुधवार रात इस तेंदुए ने एक कुत्ते का शिकार किया है. दावा यह भी किया जा रहा है कि यह बीते दिनों पकड़े गए तेंदुए से बड़ा है. वहीं, प्रभागीय वन अधिकारी सीतांशु पांडे ने बताया कि सूचना मिलने पर टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया था।घटनास्थल मीरन घाट के जंगल से कुछ दूरी पर ही है। वहां पर पहले से ही ट्रैप कैमरे और पिंजरा लगाया गया था।अब उन ट्रैप कैमरों को इस इलाके में शिफ्ट किया जा रहा है। हालांकि, अभी तक तेंदुए के पदचिह्न नहीं मिले हैं। फिर भी संदेह के आधार पर ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिससे अगर तेंदुआ है तो उसकी तस्वीरें रिकॉर्ड की जा सके. ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग प्राथमिक तौर पर अक्सर खतरनाक जानवरों की मौजूदगी से इनकार करता है।वही ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ अकेला नहीं था, बल्कि उसके साथ बच्चे भी थे।ग्रामीणों ने एक छोटे तेंदुए को 15 दिन पहले भी देखे जाने का दावा किया था. आशंका जाहिर की जा रही है कि तेंदुआ अपने पूरे कुनबे के साथ इस इलाके में मौजूद था।हालांकि, अभी नर तेंदुआ पकड़ा गया है और जिस तेंदुए को देखने की बात की जा रही है संभवत वह मादा तेंदुआ हो सकती है और अगर ऐसा है तो उसके बच्चों की मौजूदगी से भी इनकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल इलाके के लोग सतर्क हो गए हैं और प्रभावित क्षेत्र में ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं।

## पुलिस की दबिश के दौरान छत से कूदा अधेड़ : अस्पताल में हुई मौत

अमेठी ब्यूरो : सुल्तानपुर जिले के धम्मौर थाना क्षेत्र के धम्मौर कस्बे का रहने वाला दिनेश कुमार मिश्र (45) पुलिस की दबिश के दौरान छत से कूदकर घायल हो गया। बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान



उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार दिनेश गौरीगंज में गुरुवार को बीओबी बैंक से हुई 50 हजार की टप्पेबाजी में वांछित चल रहा था। मृतक के घर से पुलिस ने दबिश में 49 हजार पांच सौ रुपये बरामद किए हैं। सीसीटीवी फुटेज से अधेड़ की पहचान हुई। अधेड़ की मौत के बाद पुलिस ने जिला अस्पताल को छावनी में तब्दील कर दिया। परिजनों ने पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाया है। परिजनों ने फिलहाल कोई तहरीर नहीं दी है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।